>

Title: Need to investigate into the alleged death of tea garden workers in Darjeeling Tea garden in West Bengal due to starvation and malnutrition.

श्री एस.एस.अहलुवालिया (दार्जिलिंग): अध्यक्ष जी, मेरा क्षेत्र दार्जिलिंग, जो सारे विश्व में चाय के लिए और पर्यटन के लिए जाना जाता है लेकिन आज कल दार्जलिंग और जलपाईगुड़ी का इलाका चाय बगान के मजदूरों की अकाल मृत्यु के कारण जाना जा रहा है, भुखमरी से वहां लोग मर रहे हैं।

12.11 hrs

At this stage, Shri Rajesh Ranjan, Shri Dharmendra Yadav and some other Hon. Members went back to their seats.

वहां रेड बैंक ग्रुप के तीन चाय गार्डन रेड बैंक टी स्टेट डूअर्स, सुरेंद्र नगर टी स्टेट और धरनीपुर टी स्टेट वर्ष 2013 से बंद पड़े हैं। करीब 2200 कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। वहां पीने का पानी नहीं है, बिजली नहीं है। बगान बंद होने के कारण लोगों के पास रोजगार नहीं है। लोग परेशान हैं और काम करने के लिए दूर-दूर तक जाते हैं। काम करने के लिए उनके शरीर में ताकत भी नहीं है, क्योंकि के कुपोषण के शिकार हैं। कुपोषण और टीबी की बीमारी के कारण उनकी मृत्यु हो रही है। बंगाल सरकार उनकी मदद के लिए आगे नहीं आ रही है। वहां अविलम्ब केंद्रीय सरकार की तरफ से हाई पॉवर डेलिगेशन भेजना चाहिए जो वहां जाकर इसका मुआयना करे। यहां चाय बगानों के मजदूरों से चिट फंड में पैसे लिए गए, वह पैसा भी वापिस नहीं किया गया। हर तरह से उनका दुरुपयोग किया गया। मेरा कहना है कि हाई पॉवर टीम जाए और मुआयना करके एक फाइनेंशियल पैकेज दिया जाए तथा इन चाय बगानों को खोलने का बंदोबस्त किया जाए।

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : अध्यक्ष जी, मैं अपने आपको श्री अहलुवालिया द्वारा उठाए गए मुद्दे से संबद्ध करता हूं।